तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025



कांग्रेस ने शुरू से पिछड़ा वर्ग के साथ किया धोखा... 14



सावन के तीसरे सोमवार को निकाली गई कावड़ यात्रा 14







B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
- कोपा - इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## खबर संक्षेप

### ई— हियरिंग शीघ्र न्याय की दिशा में मजबूत कदम



**कांकेर**। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सुविधा का उन्नयन करते हुए न्याय विभाग के द्वारा अब ई- हियरिंग सुविधा का शुभारंभ 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया के द्वारा किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने कहा कि ई-हियरिंग से समय तथा धन दोनों का व्यय कम होगा। यह शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम होगा, जिसका लाभ काँकेर जिलेवासियों को मिलेगा। इस अवसर पर जिला उपभोक्त फोरम के सदस्य डाकेश्वर सोनी, अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र दवे, अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम आज रहेंगे जिले के प्रवास पर



**कांकेर**। प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विकास, कृषि विकास तथा किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम आज 30 जुलाई को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे दोपहर 03 बजे रायपुर निवास से प्रस्थान कर सायं 5 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे। तत्पश्चात कांकेर, बालोद एवं धमतरी जिला के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। कृषि मंत्री 31 जुलाई को सुबह कांकेर से कोण्डागांव के लिए रवाना होंगे।

### पेड़ पर लटका मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर**। रावघाट थानांतर्गत मुनगापदर निवासी 55 वर्षीय अनुसुईया उसेंडी का शव बैहा साल्हेभाट केशक घाट जंगल में 28 जुलाई को फांसी पर लटका हुआ देखा गया। कोलर निवासी 48 वर्षीय ईंदरू राम उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतिका 5-6 दिनों के लिए कोलर जा रही हूं कहकर निकली थी। ग्रामीणों द्वारा पता चला की अनुसुईया पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गंभीर चोट के कारण हुई मौत, मर्ग किया कायम

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत 10 किलोमीटर आगे घाटी के पास धमतरी जिला के दुगली थानांतर्गत 16 वर्षीय निवेश कुमार मंडावी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण 15 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आज होगी बैठक

**दुर्गूकोंदल**। ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के ब्लॉक अध्यक्ष शोपसिह आचला बताया है कि 30 जुलाई 12.30 बजे सामुदायिक भवन में मंडल एवं सेक्टर गठन के सम्बन्ध में बैठक रखी गई है। सभी प्रकोष्ठ के कांग्रेसीय पदाधिकारीय, जनप्रतिनिधिगण, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, सेवा दल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं समस्त कार्यकर्ताओं को उक्त बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

अपराध : हत्या में शामिल तीन आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता, झाड़ी में मिला चाकू

# नशे में उपयोग में आने वाली टेबलेट पर हुआ विवाद, दूसरे दिन हत्या में हो गया तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सूखा नशा यानी दवाई और गोली को लेकर मृतक और चाकू चलाने वाले से एक दिन पहले कहासुनी हो गई। कहासुनी की बात चाकू चलाने वाले के मन में ऐसी बैठी कि दूसरे दिन फिर से उसी बात को लेकर बाताबाती हुई। गुस्साएं नाबालिग ने दूसरे पर देशी चाकू से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। मृतक के मित्रों ने हंगामा भी किया और अंततः पुलिस ने घटना के कुछ घंटे में हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को दबोच लिया। हत्यारों के पकड़ाए जाने के बाद मृतक के दोस्तों ने राहत की सांस लिया। यह विवाद यहीं थमता है या आने वाले समय में बढ़ता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, परंतु पुलिस को दोनो पक्षों की कार्यशैली पर नजर रखनी होगी।

- मृतक पर चाकू चलाने वाला निकला नाबालिग
- हत्या करने के बाद घटना स्थल से कुछ दूरी पर छिपा था मुख्य आरोपी

थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि 28 जुलाई को मृतक के भाई 30 वर्षीय अमन बाल्मिकी पिता स्व. तिजू राम बाल्मिकी निवासी टिकरापारा ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा छोटा भाई 23 वर्षीय शिव बाल्मिकी नगर पालिका कांकेर में सफाई का काम करता था। 28 जुलाई की शाम को घर से करीबन सायं 6 बजे निकला था। इसी दिन शाम को करीबन 7 बजे आटो चालक आवेश रजा ने फोन कर बताया कि ग्राम बरदेभाटा में आपके भाई को पुरानी बातों को लेकर सोमेश ▸▸| शेष पेज 12 पर





बरदेभाटा में चाकू मारकर युवक की हत्या, आरोपी फरार, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

### आरोपी घटनास्थल के पास ही पकड़ाए

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर आरोपीगण के पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए रवाना किया गया। मुखबीर की सूचना औरसाइबर सेल से प्राप्त तकनीकी सूचना एवं उपलब्ध सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन कर आरोपियों को चिन्हाकिंत करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली और संदेहियों को घटनास्थल के पास बरदेभाटा से पकड़ने में सफलता मिली।

### संदेहियो ने घटना करना किया कबूल

संदेहियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम सोमेश पाण्डे, दीपक साहू एवं एक विधि से संघर्षरत बालक बताया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू को गवाहों के समक्ष जप्ती करवाया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से आरोपीगण सोमेश पाण्डे पिता शिव प्रसाद चक्रधारी उम्र 23 वर्ष पता शांतिनगर कंकालिनपारा, दीपक साहू पिता नारद साहू उम्र 25 वर्ष पता एमजी वार्ड एवं विधि से संघर्षरत बालक को 29 जुलाई को गिरफ्तारी कार्यवाही कर गिरफ्तार कर रिमाण्ड फार्म तैयार कर न्यायालय पेश किया गया।

# आंगनबाड़ी को एक सिलेंडर मिलने से भोजन वितरण में हो रही है परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

परियोजना क्षेत्र के आंगनबाड़ियों में हाल ही में गैस चूल्हा और सिलेंडर वितरण के बाद भोजन बनाने में नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इस बार प्रत्येक आंगनबाड़ी को केवल एक गैस सिलेंडर दिया गया है, जबकि पूर्व में दो सिलेंडर उपलब्ध कराए जाते थे। इस कटौती से आंगनबाड़ी सहायिकाओं और बच्चों के भोजन वितरण पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। एक सिलेंडर के खाली हो जाने के बाद उसे भराने में समय लगने पर कई दिन खाना बनाना प्रभावित हो सकता है। परलकोट इलाके की आंगनबाड़ी सहायिकाओं का कहना है कि एक सिलेंडर खत्म हो जाने के बाद उसी सिलेंडर भरवाकर लाने तक भोजन बनाने में भारी परेशानी होगी। इस दौरान बच्चों के भोजन वितरण में बाधा आ सकती है। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का कहना है कि पहले की तरह दो सिलेंडर दिया जाना चाहिए, एक सिलेंडर की कटौती करने से आंगनबाड़ी सहायिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यह समस्या आने के बाद हरिभूमि ने इस विषय पर परियोजना अधिकारी सीमा सिंह पर बात किया तो उन्होने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पहले हमारे आंगनबाड़ियों को दो सिलेंडर की टंकी दी गई थी, मगर इस बार एक ही टंकी दी गई है। आंगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा दी गई ▸▸| शेष पेज 12 पर



# स्काउट-गाइड छात्रों की अनोखी पहल, देश की सीमाओं तक पहुंचेंगी राखियाँ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, भावनाओं का अद्वितीय संगम है। जब हर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बाँधकर उसके जीवन की सलामती की कामना करती है, तब कुछ बहनें उन भाइयों को भी याद करती हैं, जो हजारों किलोमीटर दूर, बर्फीली चोटियों या तपते रेगिस्तानों में देश की रक्षा में तैनात हैं। ऐसी ही एक भावनात्मक और प्रेरणास्पद मिसाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरोना के स्काउट और गाइड छात्रों ने पेश किया।

एक राखी वीर सैनिक भाई के नाम नामक इस विशेष अभियान के अंतर्गत छात्रों ने खुद अपने हाथों से सुंदर-सुंदर राखियाँ बनाईं और उन्हें भारतीय सैनिकों को भेजा। एक संदेश के साथ कि देश की हर बहन आपके साथ है, आपके रक्षक को हम कभी नहीं भूल सकते। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र तिवारी ने जब बच्चों को सैनिकों के त्याग, बलिदान और सीमाओं पर उनके अकेलेपन के बारे में बताया, तो बच्चों के मन में भावनाओं की लहर उठी। उन्होंने बच्चों से कहा देशभक्ति सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, उसे अनुभव करो, उसे जिओ। यह वाक्य बच्चों के दिल को छू गया। उसी दिन तय हुआ कि इस बार रक्षाबंधन, सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहेगा, वह सीमाओं पहुँचेगा, सैनिक भाइयों की कलाई तक। स्काउट गाइड प्रभारी आस्था सोनी ने छात्रों को राखियाँ बनाने की तकनीकि सिखाई, साथ ही उनके मन में सैनिकों के प्रति संवेदना और कर्तव्य भावना भी जागृत किया। स्काउट मास्टर गोपीनाथ मरकाम ने बताया कि बच्चों ने अपने जेब खर्च से रंग, धागे, मोती आदि सामग्रियाँ खरीदी। यह केवल एक स्कूल प्रोजेक्ट नहीं था, यह बच्चों के दिल से निकला देशभक्ति का एहसास था। उन्होंने ▸▸| शेष पेज 12 पर

# चचरे भाई को समझाइश देना पड़ा महंगा, हुई पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अपने के लिए भला सोचना स्वयं के लिए आफत बन जाती है। एक ऐसा मामला ग्राम लखनपुरी का है। चचरे भाई को बेवजह घूमने, नशा और काम करने की बात की समझाइश देने पर चचेरा भाई आवेश में आ गया और पास में रखे डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे नयापारा लखनपुरी निवासी 34 वर्षीय दीपक पटेल पिता स्व. महावीर पटेल ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 26 जुलाई को सदाम खान का बकरी चराने के लिए जंगल गया हुआ था। बकरी चराकर वापिस आया और अपने घर के सामने बैठा था। उसी दिन शाम करीबन 7 बजे मेरे चाचा का लड़का तिवेश पटेल को कहा ▸▸| शेष पेज 12 पर



- डंडा से हमला करते हुए किया घायल

# कच्ची शराब का परिवहन करते दो कोचिए को पुलिस ने दबोचा, वाहन भी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

गोण्डाहुर पुलिस ने कच्ची शराब का परिवहन करते हुए शराब कोचिए को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कोचिया पर कार्यवाही किए जाने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है, वहीं अन्य कोचिया भूमिगत हो गए है।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि पीव्ही 37 रूपनगर निवासी देबब्रत हलदर व चरंजिब बैरागी के द्वारा अवैध हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब बनाकर बिक्री करने पखांजुर की ओर ले जा रहे है। जानकारी की तस्दीक करते हुए पुलिस ने पीव्ही 127 व 19 के बीच पुल के पास नाकाबंदी किया गया। इसी दौरान वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 2483 को रूकवाया ▸▸| शेष पेज 12 पर



# कावड़ियों पर बरसाया गया फूल जल लेकर पहुंचे महादेव मंदिर



**दुर्गूकोंदल**। लायोर महादेव मंदिर ईमलीमोड़ से हनुमान मंदिर तरहुल से होते हुए खण्डेश्वर महादेव मंदिर, खण्डी घाट महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव, बम बम भोले के जयघोष करते हुए हाटकोंदल पर पहुंचे। यात्रा में शामिल लोग का स्वागत फूल बरसाकर किया गया। हनुमान मंदिर तरहुल में माथा टेक यात्रा चौक चबूतरा से होते हुए खण्डी घाट महादेव मंदिर तक पहुंची। मंदिर के भीतर स्थित प्राकृतिक आप शंभू के शिवलिंग ▸▸| शेष पेज 12 पर

# अंचल में सुबह से रुक-रुककर बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

राज्य में दक्षिण पश्चिम मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है, पिछले 4 दिनों से तेज बारिश से रुक रुक कर बारिश से अचल में हो रही है। बारिश से खेती किसानी में तेजी आ गई है और किसानों में खुशी देखी जा रही है। वहीं पिछले दो-तीन दिनों से लगातार बारिश से कृषि कार्य में गति आ गई है और लोग अपने काम में लग गए हैं। किसानों ने बताया कि वर्तमान का मौसम अनुकूल है जिसे रोपाई एवं बियासी का कार्य हो चुका है।

- क्षेत्र में 40 .3 एमएम बारिश रिकार्ड दर्ज
- क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना

जानकारी के अनुसार विकासखंड दुर्गुकोंदल क्षेत्र में 40.3 एमएम बारिश रिकॉर्ड दर्ज की गई है एवं वहीं अब तक 1 जून से अब तक 825 एमएम रिकॉर्ड दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। कई स्थानों में गरज चमक बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की सी मध्यम वर्षा हो सकती है। दो तीन दिनों से बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गई है। । झमाझम बारिश से धान की रोपाई करने वाले किसानों के चेहरे खिल गए हैं। धान की रोपाई करने वाले किसान कई दिनों से बारिश आने की राह देख रहे थे। दो दिन से हो रही बारिश को देख किसानों ने की धान की पौधे रोपाई की तैयारी तेज हो गई है। दो तीन दिनों से पूरे दिन रुक-रुक कर हुई बारिश ने मौसम को सुहाना तो कर ही दिया है। इसके अलावा धान की पौध रोपाई की तैयारी में जुटे किसानों के ▸▸| शेष पेज 12 पर

### किसानों के चेहरे खिले

विकासखंड के कई ग्रामों में दमकसा, हानपतरी, मेडो, आमागढ़, सोनादई, परभेली, जाडेकुसी, कोडेकुसी, साधुमिचगांव, भुसकी, सोनादई, लोहत्तर, आमागुहान, सिवनी, छिंदगाव व अन्य ग्रामों सहित क्षेत्र में दो तीन दिनों से लगातार बारिश से किसानों को राहत मिल रही है। किसान अपने खेतों में कृषि कार्य तेजी से बियासी रोपाई का काम कर रहे है, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ रही है।

मावा मोदेल कोचिंग के शुभारंभ के अवसर पर वित्त मंत्री ने बढ़ाया उत्साह

# सफलता का कोई विकल्प नहीं, लक्ष्य हासिल करने शिद्दत से करें तैयारी: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सफलता और असफलता प्रत्येक के जीवन में आती है। असफल होने से मन में नकारात्मक सोच लाने के बजाय कमियों को दूर कर उसे हथियार के रूप में इस्तेमाल करें। कामयाबी का कोई शॉर्टकट अथवा विकल्प नहीं होता, अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अभ्यर्थी पूरी शिद्दत से परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। उक्त बातें वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शहर के सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में मावा मोदोल के शुभारंभ पर छात्राओं से रूबरू होते हुए कहीं। पुरानी कचहरी में 29 जुलाई को दोपहर को मावा मोदेल निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए सवालों के जवाब में अपने प्रशासनिक एवं राजनीतिक कैरियर के अनुभव ▸▸| शेष पेज 12 पर

- प्रशासनिक एवं राजनीतिक कैरियर के अनुभव को किया ओपी ने साझा साझा



### लक्ष्य और सोच बड़ी रखें : कलेक्टर

मावा मोदोल कोचिंग संस्थान कांकेर के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर फिजिकल सहित अन्य गतिविधियां संचालित होती हैं। अभ्यर्थी सफल भी होते हैं, लेकिन यहां के प्रतिभा सम्पन्न युवाओं को बड़ा लक्ष्य और बड़ी सोच लेकर परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए, जिससे वे बड़ी सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने उपस्थित युवाओं को समझाइश देते हुए कहा कि कामयाबी के लिए सोशल मीडिया का उपयुक्त, न्यूनतम और सीमित उपयोग करें। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने मावा मोदोल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से तैयारी करने की बात कही।



### एक्सीलेंट एफर्ट्स, ऑल दि बेस्ट

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मावा मोदोल कोचिंग संस्थान का शुभारंभ करने के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इसी परिसर में स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी का उन्होंने अवलोकन कर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने विजिटर्स डायरी में मावा मोदोल पर अपनी प्रतिक्रिया अंकित करते हुए एक्सीलेंट एफर्ट्स, ऑल दि बेस्ट लिखा।

# संसाधनों की कमी से जूझते तहसीलदारों का प्रदर्शन, कोण्डागांव में हड़ताल का आग़ाज

## 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन, राजधानी तक ले जाएंगे आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले जिले के तहसीलदारों ने आज कोण्डागांव के क्छज्ञ मैदान में हड़ताल शुरू की। संघ के तहसीलदार मनोज कुमार रावटे ने जानकारी दी कि पूर्व में शासन को ज्ञापन सौंपकर 26 जुलाई तक सकारात्मक पहल की मांग की गई थी, लेकिन शासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने पर यह आंदोलन प्रारंभ किया गया है।

संघ ने तीन चरणों में आंदोलन की योजना बनाई है। 28 जुलाई जिला स्तर पर धरना, 29 जुलाई संभाग स्तर पर प्रदर्शन, 30 जुलाई राजधानी रायपुर में विशाल प्रदर्शन। यदि इन तीन चरणों के बाद भी शासन ने मांगों पर कोई ठोस पहल नहीं की, तो संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश होगा।



### संघ की मुख्य मांगें

*संसाधनों की कमी से जूझ रहे तहसीलदार, संघ द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगें निम्नानुसार हैं तहसीलों में स्वीकृत पदों पर तत्काल पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर के पद पर 50:50 अनुपात में पदोन्नति नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग, लंबित ग्रेड पे सुधार, शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था, बिना वैध प्रक्रिया के निलंबित अधिकारियों की शीघ्र बहाली, प्रशासनिक ढांचे को सशक्त करने की मांगें भी शामिल, न्यायालयीन आदेशों के मामलों में एफआईआर दर्ज न करने की नीति, तहसीलों में प्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर व सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति, आपदा प्रबंधन व सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित मुआवजा देने के लिए स्पष्ट गाइडलाइन, राजस्व न्यायालयों को सु–दृ करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन, राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं तहसील संघ का तर्क संघ का कहना है कि तहसीलें राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है। इस स्थिति में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सेवाएं समय पर देना संभव नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक मानव संसाधन, तकनीकी सुविधाएं और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करे।*

### संघ ने दी चेतावनी

संघ ने स्पष्ट किया है कि ये मांगे केवल तहसीलदारों या कर्मचारियों के हित में नहीं हैं, बल्कि ये आम जनता की सुविधाओं से भी सीधे जुड़ी हैं। यदि शासन ने समय रहते कोई कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### रामकृष्ण मिशन की बेटियां सब-जूनियर फुटबॉल स्पर्धा के लिए कोरबा रवाना

**नारायणपुर।** जिले में स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में आज सब-जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही छात्राओं को जर्सी का वितरण किया गया। यह प्रतियोगिता 1 अगस्त से कोरबा में आयोजित की जाएगी, जिसमें ये बालिकाएं जिला फुटबॉल संघ नारायणपुरका प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में स्वामी व्याप्तानंद महाराज, हृदय वर्मा ,अजीत मेनन और दीपाली नाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने बच्चियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर रमशीला नाग पार्षद आश्रम वार्ड एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा महिला मोर्चा ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा रामकृष्ण मिशन आश्रम की ये बेटियां आज जिले की खेल प्रतिभा का प्रतीक हैं। यह पूरे नारायणपुर के लिए गर्व का विषय है कि वे कोरबा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन और विजयी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। छात्राओं के उत्साह और आत्मविश्वास ने यह स्पष्ट किया कि नारायणपुर की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और जिले का नाम रोशन कर रही हैं।

### ग्रामीणों के घर से 2 लाख की ईमारती लकड़ी बरामद



**फरसगांव।** केशकाल वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र केशकाल रेंज के ग्राम मूरनार गांव में मंगलवार को वन विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर 4 ग्रामीणों के घरों से 149 नग, कुल 3.145 घनमीटर चिरान लकड़ी जब्त की गई है। वन विभाग के उच्च अधिकारी को सूचना मिली थी कि ग्राम मूरनार गांव में भारी मात्रा में साल, सागौन, और बीजा प्रजाति का चिरान लकड़ी रखी हुई है। वन अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने सर्च वारंट जारी कर मंगलवार को मूरनार गांव में दबिश दी गई । जहां वन अमले ने बीजा , सागौन, जामुन और साल के अवैध रूप से रखी कुल 149 नग लकड़ी चिरान को जब्त किया। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 2 लाख रुपए से अधिक होगी। वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्यवाही के दौरान केशकाल वनमंडला अधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम, उप वनमंडला अधिकारी श्रीमती सुषमा जे नेताम, केशकाल वन परिक्षेत्र अधिकारी सेवकराम नेताम, फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आर एस यादव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

# आकांक्षी कार्यक्रमों में उपलब्धि 66 कर्मचारियों का सम्मान

### संपूर्णता अभियान में सम्मान समारोह और आकांक्षा हाट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान के तहत आज सामुदायिक भवन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान, आकांक्षा हाट का भी शुभारंभ किया गया।

सम्मान समारोह में आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के इंडिकेटर के शत–प्रतिशत सैचुरेशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 66 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी और अन्य उपस्थित अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार राठौर, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। यह नीति आयोग द्वारा देश के 112 जिलों को आकांक्षी जिला कार्यक्रम और 500 विकासखंडों को आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में शामिल किया गया है, ताकि इन क्षेत्रें में विकास की गति में तेजी लाई जा सके। जिले के माकड़ी ब्लॉक में आकांक्षी विकासखंड के 6 इंडिकेटर का शत–प्रतिशत सैचुरेशन किया गया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के भी 6 इंडिकेटर का शत–प्रतिशत सैचुरेशन हो चुका है। नीति आयोग द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिलों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। जिसमें कोंडागांव जिला भी शामिल है। आकांक्षी कार्यक्रमों के अंतर्गत शत–प्रतिशत सैचुरेशन के इंडिकेटर आकांक्षी जिला कार्यक्रम में शत–प्रतिशत उपलब्धि वाले इंडिकेटर, एएनसी प्रसव पूर्व देखभाल जांच, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 9 से 11 माह के बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण स्कूलों में विद्युतीकरण और मूलभूत सुविधाएँ, स्कूलों में पुस्तक वितरण, माकड़ी विकासखंड में शत–प्रतिशत उपलब्धि वाले इंडिकेटर, एएनसी जांच, शुगर जांच, उच्च रक्तचाप जांच, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, समूह की महिलाओं को रिवॉल्विंग फंड वितरण।



### आकांक्षा हाट लगेगा एक अगस्त तक

जिला प्रशासन द्वारा विकास नगर सामुदायिक भवन में आकांक्षा हाट का भी शुभारंभ किया गया है। शहरवासियों के अवलोकन के लिए 1 अगस्त तक लगा रहेगा। इसमें बिहान के विभिन्न महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

## संपूर्णता अभियानः मयूरडोंगर के प्राचार्य मुकेश सैमसन सम्मानित

जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर के प्राचार्य मुकेश सैमसन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संकुल मयूर डोंगर की शैक्षणिक योजनाओं एवं नवाचारों के सफल संचालन के लिए दिया गया है। समारोह का आयोजन कोंडागांव के सामुदायिक भवन में किया गया, जहां जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने प्राचार्य मुकेश सैमसंग को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में दीपेश अरोरा, जसकेतु उसेंडी, जिप अध्यक्ष रीता सोरी, वरिष्ठ जन प्रतिनिधि गण, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं गणमान्य नाग्थित रहे। समारोह के दौरान शिक्षा क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बयानार के प्राचार्य फूल सिंह मंडावी और हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा के प्राचार्य श्री उमेश मांडवी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कोंडागांव ब्लॉक से तीन प्राचार्य का सम्मान किया गयाह। अधिकारियों ने अपने–अपने विद्यालयों में प्रशासनिक दक्षता, शैक्षणिक गुणवत्ता, तथा नवाचारों को सफलतापूर्वक लागू किया, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ।




**कलेक्टर ने की सराहनाः**जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यालयों के प्राचार्य यदि प्रतिबद्धता और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, तो संपूर्ण जिले की शैक्षणिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। आज सम्मानित हो रहे सभी अधिकारी अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### पूर्णता अभियान है नीति आयोग की योजना

*पूर्णता अभियान भारत सरकार के नीति आयोग की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य शिक्षा और पोषण से जुड़े विभागों के कार्योंमें समग्र सुधार लाना है। इस अभियान में संकुल स्तर पर संचालित योजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता के आधार पर चयनित अधिकारियों को सम्मानित किया गया है।*

### समापन में प्रशंसा और उत्साह

*कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पूरे समारोह में उत्साह का वातावरण रहा और यह शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणादायक आयोजन साबित हुआ।*

# केंद्रीय विद्यालय को मिली नवीन भवन की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से देशभर के 22 केंद्रीय विद्यालयों के नवीन भवनों का लोकार्पण किया। इस सूची में कोंडागांव जिले का केंद्रीय विद्यालय भी शामिल रहा, जिसे अब नया भवन मिल गया है। यह लोकार्पण नई शिक्षा नीति की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कोंडागांव के बड़े कनेरा रोड स्थित बंधापारा में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

भवन में उपलब्ध सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएंः टेकाम

विधायक श्री टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत की प्रक्रिया उनके कलेक्टर कार्यकाल के दौरान हुई थी, और अब विधायक के रूप में उसके नवीन भवन का लोकार्पण करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इस भवन को जिले के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह विद्यालय अब पीएम श्री योजना में भी शामिल किया गया है। जिससे विद्यार्थियों को और भी बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। विधायक ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस नवीन भवन में उपलब्ध सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएँ, लगन और परिश्रम के साथ अध्ययन करें, और जिले, राज्य व देश का नाम रोशन करें। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने भी विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह भवन विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्र को एक नई दिशा देगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने रुचि के क्षेत्रें में पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## स्पेशल चाइल्ड्स के लिए लगाया गया मेगा मूल्यांकन शिविर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार, कोण्डागांव जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और मूल्यांकन के लिए बीआरसी कार्यालय में एक दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और मूल्यांकन किया। शिविर में कुल 71 दिव्यांग बच्चों की पहचान की गई, जिनमें से 7 बच्चों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विशेष सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह शिविर अब जिले के विकासखंड स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 12 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रें के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी समुचित सहायता और संसाधनों का लाभ मिल सकेगा।

# रसोईयों की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन, सरकार से वादे पूरे करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की तीन दिवसीय हड़ताल कोंडागांव जिला मुख्यालय में जारी है। बारिश के बीच हो रहे इस धरना–प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम के नेतृत्व में धरनास्थल पहुंचा। रसोइयों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वे सुबह से शाम तक सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित मानदेय नहीं मिल रहा। भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले मोदी की गारंटी में उनकी मांगों को शामिल किया था, परंतु अब तक उन वादों को पूरा नहीं किया गया।



रसोइयों की प्रमुख मांग है कि उन्हें अंशकालिक से पूर्णकालिक किया जाए और कलेक्टर दर से मानदेय दिया जाए, साथ ही बिना कारण सेवा से हटाने की प्रक्रिया रोकी जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने रसोइयों की सभी मांगों को जायज बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हड़ताल को पूर्ण समर्थन देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने घोषणा पत्र की बातों पर अमल करते हुए रसोइयों की मांगें तुरंत पूरी करनी चाहिए। नेताम ने यह भी बताया कि कांग्रेस शासनकाल 1995–2000 और 2018–2023 में रसोइयों को 1800 रुपये मानदेय दिया गया, जबकि भाजपा शासन में पिछले 17 वर्षों में केवल 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने भाजपा पर वादाखिलाफी और सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में रितेश पटेल, तरुण गोलछा, नरेन्द्र देवांगन, प्रीतम पटेल, सनी चोपड़ा और रितेश गोयल भी शामिल रहे।

## मानदेय वृद्धि और स्थायीकरण की कर रहे मांग

# मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर रसोईयों का धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के बैनर तले कोण्डागांव जिले के सैकड़ों रसोइए आज से तीन दिवसीय धरना आंदोलन पर बैठ गए हैं। यह धरना कार्यक्रम 28 जुलाई से 30 जुलाई तक डी.एन.के. मैदान, कोण्डागांव में आयोजित किया जा रहा है। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, नौकरी में स्थायीत्व और कार्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

संघ के जिला अध्यक्ष सगराम मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन के तीसरे दिन यानी 30 जुलाई को एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रसोइए जिले भर से शामिल होंगे। यह रैली शहर के मुख्य मार्गोंसे गुजरते हुए कलेक्टोरेट पहुंचेगी, जहां जिलाधीश को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।



### प्रशासन की प्रतिक्रिया

अब तक प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूत्रें के अनुसार, मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है और वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं। यह देखना अब शेष है कि शासन और प्रशासन रसोइयों की इस मांग पर कितनी संवेदनशीलता दिखाता है और कब तक समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल की जाती है। तब तक रसोइयों का यह आंदोलन जिले में शिक्षा और मध्यान्ह भोजन योजना दोनों को प्रभावित करता रहेगा।

### ये हैं प्रमुख मांगे

*मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अंशकालिक से पूर्णकालिक दर्जा रसोइयों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर वेतन देने की मांग की गई है। काम से निकाले जाने पर रोक रसोइयों को बिना कारण हटाए जाने की प्रक्रिया को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता जताई गई है। संघ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक सरकार इन मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में उग्र आंदोलन की रणनीति अपनाई जाएगी। धरने के चलते जिले के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना प्रभावित हो सकती है। कई विद्यालयों में छात्रें को भोजन नहीं मिल पाने की स्थिति बन रही है। हालांकि महिला स्व सहायता समूह को मध्यान भोजन संचालित किए जाने के निर्देश जिला प्रशासन द्वारा जारी कर दिए गए हैं।*

## पेज 11 के शेष

### नशे में उपयोग...

पाण्डे एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक निवासी शांतिनगर कांकेर के द्वारा दोनों मिलकर एक राय होकर लड़ाई झगड़ा कर आपके भाई के गले में किसी धारदार हथियार से मार दिए है, जिसे आटो में लेकर ईलाज के लिए कोमलदेव अस्पताल लाए है। घटना को सुनकर अपनी बड़ी बहन आरती नाग और अहिल्या बाल्मिकी को साथ लेकर कोमलदेव अस्पताल पहुंचा और देखा कि मेरा भाई स्ट्रेचर में था, उसके गले में गहरा घाव था, जिससे काफी खून निकला हुआ था। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत हो गया है। भाई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1),3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल-** सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी सायबर सेल प्रेम प्रकाश अवधिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि वेदन सलामे, प्र.आर. ओमप्रकाश कृषान, प्र.आर. मनीराम भोई, आरक्षक श्रवण ठाकुर एवं पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रहा है।

### आंगनबाड़ी को एक...

जानकारी के बाद यह विषय आने पर चर्चा का विषय बना हुआ है और यह समस्या आने वाले समय में ज्यादा गहरा सकती है। परियोजना अधिकारी का कहना है कि आंगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा बताई गई समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। इस मामले में विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया।

### स्काउट-गाइड छात्रों...

बताया कि यह राखियाँ सीमा पर तैनात सैनिकों को डाक के माध्यम से भेजी गई है और सेना मुख्यालय के माध्यम से उनके कलाई तक पहुँचेंगी। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी कहा कि आने वाले समय में ऐसे और अभियान चलाए जाएंगे, जिनसे बच्चों में सेवा, समर्पण और राष्ट्रीय चेतना की भावना प्रबल हो।

### चचरे भाई को...

कि तुम शराब पीकर घूमते रहता है, काम नहीं करता है, अभी तुम्हारा उम्र नहीं हुआ है, यह सब करने का। मेरे द्वारा ऐसा बोलने पर चचेरा भाई तिवेश पटेल आवेश में आकर मुझे गाली देने लगा और कहने लगा कि तुम मुझे समझाने वाले कौन होते हो, ऐसा कहते हुए गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया, उसके बाद आवेश में आकर पास में पड़े डंडे से मारपीट करने लगा। मैने बचाव करने के प्रयास किया, परंतु चचेरो भाई ने सिर पर डंडे से हमला बोल दिया। डंडे से हमला करने से मेरे सिर एवं हाथ में चोट आई है। मेरे को चोट अधिक होने के कारण मेरे मामा राम कुमार पटेल आया और मुझे निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तिवेश पटेल के खिलाफ 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कच्ची शराब का...

गया। वाहन में पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 37 निवासी 37 वर्षीय देबब्रत हलदर पिता स्व. दिलीप हलदर और गोण्डाहुर थानांतर्गत पीव्ही 20 निवासी 30 वर्षीय चिरंजीव बैरागी पिता इन्द्रजीत बैरागी से पूछताछ किया गया। वाहन के सामने दो प्लास्टिक की बोरी के अंदर सफेद रंग के प्लास्टिक के झिल्ली में और स्कूटी के डिक्की में महुआ शराब का 80 पैकेट बरामद हुआ। आरोपी देवब्रत हलदर व चिरंजीव बैरागी के कब्जे से कुल महुआ शराब 48 लीटर कीमत 6 हजार 720 रूपएं और वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 2483 को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कावड़ियों पर बरसाया...

पर जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लायोर महादेव सेवा समिति अध्यक्ष बुधवार सिंह ठाकुर, सचिव मानसिंह कोसमा, मंदिर पुजारी यशवंत तिवारी, संरक्षक जितेंद्र जायसवाल, जगदीश जैन, कन्हैया सिंह ठाकुर एवं अन्य श्रद्धालुओं उपस्थित रहें।

### अंचल में सुबह से...

चेहरे पर खुशी आ गई है। दो तीन दिनों से काफी किसानों धान रोपाई के लिए अपने खेतों में तैयारी करते हुए नजर आए। बियासी के लिए पानी अधिक होने से किसानों के लिए परेशानी हो चुकी है।

### सफलता का कोई...

साझा करते हुए कहा कि बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में ज्यादातर ऐसे अभ्यर्थी सफल होते हैं, जो सुख-सुविधाओं से दूर रहकर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाते हैं। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे गुलशन जैन, स्नेहा सिन्हा और कुलेश्वर नंदीश्वर के प्रश्नों का जवाब देते हुए केबिनेट मंत्री ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि संघ लोक सेवा जैसी बड़ी परीक्षाओं के साथ-साथ सहगामी कैरियर के ऑप्शन्स भी खुले रखने चाहिए। देश में ऐसे सैकड़ों शीर्ष आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों के उदाहरण हैं जो स्वयं की मेहनत को सकारात्मक दिशा देकर लक्ष्य को हासिल किया। जीवन में जैसी परिस्थितियां होती हैं, उसी के अनुरूप संघर्ष को दिशा देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांकेर में नालंदा परिसर की भांति भविष्य में उच्च सुविधायुक्त कोचिंग संस्था विकसित की जाएगी।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित-** इस अवसर पर विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, पार्षद हितेंद्र खटवानी, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, घनेंद्र ठाकुर एवं भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आयुष मेला में 473 रोगियों का हुआ उपचार



**बस्तर।** संचालक आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.मोहनीश साहू के मार्ग दर्शन में एक दिवसीय आयुष मेला भानपुरी साप्ताहिक बाजार में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन भगवान धन्वंतरि के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर संतोष बघेल जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं निर्देश दिवान जिला पंचायत सदस्य, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू के द्वारा किया गया। उक्त शिविर में 473 रोगियों का जांच विभिन्न बीमारियों का किया गया। बाजार में पहुंचे 487 ग्रामीणों ने आयुर्वेद काढ़ा पिये। बीपी 56,शुगर 38,मलेरिया 32,एचबी जांच 16, लोगो ने शिविर में जाँच करवाकर निशुल्क औषधि प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. टीएस बढ़ई, डॉ. विनोद सिंह,डॉ महेंद्र साहू, डॉ. नित्यानन्द भोई, डॉ. कविता राठिया, डॉ. खिलेश्वरी नेताम,फार्मासिस्ट घनश्याम सीदार गजेन्द्र, मोहन कश्यप फूलचंद्र दीवान फ़गुनू अनुराध सोनी ने अपनी सेवाए दी।

### एक पेड़ मां के नाम में 1,217 पौधों का वितरण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करने की दिशा में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। यह पहल पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ नागरिकों को भावनात्मक रूप से हरियाली से जोड़ने का प्रयास है। ज्ञातव्य है कि अभियान की शुरुआत 23 जुलाई से की गई है और यह 15 अगस्त तक जारी रहेगा। उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक मीना मांडवी के अनुसार, अब तक 1,217 पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत नींबू, कटहल, मुनगा, आम और पपीता जैसे फलदार पौधों का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने हेतु प्रेरित करना है। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर स्टॉल लगाकर पौधों का वितरण किया जा रहा है, जिससे आमजन को आसानी से पौधे प्राप्त हो सकें।

### आकांक्षा हाट का शुभारंभ



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आज माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मेंडका डोबरा में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा जिला पंचायत सीईओ की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह आयोजन नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को एक साझा एवं सुदृढ़ मंच प्रदान करता है, जहाँ वे अपने हस्तशिल्प, घरेलू उत्पादों और पारंपरिक सामग्रियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने कहा, यह हाट हमारी पारंपरिक विरासत और स्थानीय हुनर को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन स्थानीय शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों, उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को नई ऊंचाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 13 डीएवी मुख्यमंत्री विद्यालयों के 550 प्रतिभागियों ने स्पर्धा में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



■ छात्र पूर्ण साहस, हिम्मत के साथ अपनी खेल का प्रदर्शन करें व निष्पक्ष भाव के साथ खेलें

डीएवी मुख्यमंत्री विद्यालयों के जोन 1 दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों के दो दिवसीय जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं मेजबानी आयोजक डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी. कामेश्वर राव के सानिध्य में हुआ जिसमें अन्य डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य, पीटीआई तथा खेल प्रभारियों की सहभागिता रही। क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी. कामेश्वर राव तथा अन्य पीटीआई ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र पूर्ण साहस, हिम्मत के साथ अपनी खेल का प्रदर्शन करे व निष्पक्ष भाव के साथ खेले। सर्वप्रथम खेल के पारंपरिक प्रतीक के रूप में मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और प्रतिभागियों में जुनुन को प्रज्वलित कर विजय के लिए संघर्ष की भावना का संचार किया गया। सभी प्रतिभागियों ने शपथ ग्रहण किया कि वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व निष्पक्ष खेल भाव के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम दिन एथलेटिक्स खेलों में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, 800 मीटर तथा 1500 मीटर दौड़, 4x100 मीटर रिले रेस, 4x800 मीटर रिले रेस, ऊंची कूद ,लंबी कूद, गोला फेंक, तवा फेंक , भाला फेक आदि प्रतियोगिता हुई, जिसमें 13 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने पूर्ण जोश एवं उत्साह के साथ अपने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन सामूहिक खेलों में फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज आदि ग्रुप खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुआ। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी विजेताओं के नाम घोषित किए गए। अंत में डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा के समस्त आयोजक ने सभी का उपस्थिति और योगदान के लिए धन्यवाद दिया तथा छात्रों को उनके असाधारण प्रतिभा के लिए बधाई दी। प्रत्येक खिलाड़ियों ने जीत हार की परवाह किए बिना अद्भुत खेल भावना का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में चार जिलों बीजापुर, नारायणपुर सुकमा, दंतेवाड़ा के 13 डी.ए.वी. मुख्यमंत्री विद्यालयों के लगभग 550 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजई होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।

## स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प का परिणाम

# दंतेवाड़ा बना देश का 7 वां सबसे स्वच्छ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नगरवासियों के लिए यह बड़े गर्व का अवसर है। दंतेवाड़ा नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 20000 से कम जनसंख्या वाले नगरों की कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही जीएफसी में 1 स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ प्लसप्लास कैटेगरी में भी दंतेवाड़ा नगर पालिका हुआ शामिल।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्हीकेएस पालदास ने कहा यह उपलब्धि नगरवासियों के सहयोग, नगर पालिका कर्मचारियों की मेहनत, स्वच्छता दीदियों के लगातार प्रयास, कलेक्टर के मार्गदर्शन, जनप्रतिनिधियों के साथ एवं स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प का परिणाम है। नगर पालिका दंतेवाड़ा ने पिछले वर्ष के 427वें स्थान से लम्बी छलांग लगाते हुए देश भर में 7 वां स्थान हासिल किया है। नगर पालिका का अमला, कचरा प्रबंधन एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार और नवाचार हेतु प्रतिबद्ध है।

अध्यक्ष पायल गुप्ता की ओर से जागरूकता की अपील की गई एवं शुभकामना संदेश में कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक आदत और ज़िम्मेदारी है। हमें गर्व है कि माई दंतेश्वरी की पावन धरा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। यह सम्मान हम सभी नगरवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मैं दंतेवाड़ा के समस्त नागरिकों, युवा साथियों, व्यापारियों, महिलाओं एवं समाज के हर वर्ग से अपील करती हूँ कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। खुले में शौच न करें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, गीले और सूखे कचरे को अलग करें, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें और स्वच्छता के प्रति दूसरों को भी प्रेरित करें। नगर पालिका के उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा ने कहा हम दंतेवाड़ा के समस्त नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे इसी प्रकार स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाते रहें और दंतेवाड़ा को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर बनाने में सहयोग करें। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि दंतेवाड़ा को न केवल स्वच्छता में, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाएँगे।

### पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



दंतेवाड़ा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश में जिले के पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों के स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए आज जिला अस्पताल परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के विभिन्न विभागों से जुड़े पेंशनभोगियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी रोग, हृदय रोग एवं अन्य विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके तथा जिला पेंशनर्स संघ अध्यक्ष पी एन उड़कूड़े द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा।

# तूलिका के आश्रमों की व्यवस्था के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



बीते दिनों पोटाकेबिन आश्रम शाला हितामेटा का निरीक्षण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा ने किया था। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा ने अधीक्षक और आश्रम व्यवस्था के सम्बंध में कई सारे आरोप लगाए थे, जिसका पलटवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य और वर्तमान भाजपा बारसूर मंडल अध्यक्ष बैसू राम मंडावी ने किया है।

तूलिका कर्मा ने अधीक्षक के ऊपर कई सारे आरोप लगाए थे जोकि सरासर झूठ है। यह आश्रम शाला में सब कुछ सही तरीके से संचालित हो रहा है। रही बात बिस्तर की जब 23-24 जून को बच्चे ही आश्रम में ही नहीं थे तो कहाँ देखा टूटा फूटा बिस्तर और आश्रम भवन का मरम्मत कार्य चल रहा था तो आश्रम का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। इसको देखकर कर्मा को लगा कि आश्रम व्यवस्था ठीक नहीं है।

तूलिका ने बताया की मीनु के अनुसार भोजन नहीं मिलता है। हर दिन मीनू अनुसार भोजन व सब्जी बनता है। पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य और वर्तमान बारसूर मंडल अध्यक्ष बैसू राम मंडावी का कहना है कि मैं इस क्षेत्र का पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुका हूं और अब वर्तमान में भाजपा- बारसूर मण्डल अध्यक्ष हूं और मेरे ही परिवार से अभी भी मौजूदा जिला पंचायत सदस्य है मेरे क्षेत्र में तूलिका कर्मा को ताका झांकी करने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था अधीक्षक आश्रम में नहीं रहता है कहकर, यह झूठा आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि आश्रम में बच्चे अपने घर से चादर, कंबल लाकर रखते हैं। यह भी सरासर झूठा आरोप है। बच्चों के लिए आश्रम में पर्याप्त मात्रा में चादर कंबल उपलब्ध है।

यहां के ग्रामवासी और इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हितामेटा पोटाकेबिन आश्रम का समय समय पर निरीक्षण करते रहते है लेकिन ऐसा कोई भी शिकायत यहां के बच्चों के द्वारा हमें नहीं मिलता। जितने भी आरोप ज़िला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा ने हितामेटा पोटाकेबिन आश्रम को लेकर लगाया है सभी आरोप गलत और झूठे है।

# धरती आबा योजना पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत जनपद पंचायत बकावंड में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

समावेशी और एकीकृत विकास मॉडल के तहत समाज के हर वर्ग के कमजोर समुदाय जैसे आदिवासी महिलाओं, गरीब बच्चों को विकास की मुख्यधारा में आगे लाने का काम किया जाएगा। इस योजना की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 से की गई है। धरती आबा योजना का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य गांवों का विकास एवं क्षेत्र की केंद्रित जनजाति आदिवासी आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, और ऐसे जो गांव अब तक विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़े पाए हैं, उस गांव का चयन किया गया है। केंद्र सरकार इस योजना के लिए राशि स्वीकृत 79 हजार 156 करोड़ रूपए जारी हुई है।

इस कार्यक्रम में बकावंड ब्लॉक के सभी सरपंच सचिव उपस्थित थे। जनपद सदस्य बंशी कश्यप, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र कश्यप सरपंच, उपाध्यक्ष गोपाल, दुर्जन सूर्यवंशी, संतोष, नीलम कश्यप, कोड़ीराम एवं सचिव, एनजीओ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक ने सरपंच संघ बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों एवं विचारों को याद करते हुए समाज में समरसता, एकता एवं विकास के संकल्प को दोहराया।

विधायक ने आज अपने निवास स्थल पर बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ बैठक कर पंचायतों में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। बैठक के दौरान प्रत्येक पंचायत की आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा की गई और सरपंचों से क्षेत्र में आ रही प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली गई। विधायक ने सरपंचों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी और जनता की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास की गति को और तेज करना और क्षेत्र की जमीनी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझना रहा। इस दौरान मौजूद रहे प्रेमशंकर शुक्ला, बालेश दुबे, शिवराम बिसाई, उत्तम नाईक, गणेश बघेल, जगमोहन बघेल, मानसिंह कवासी, जानकीराम भारती, हेमराज बघेल, गोपाल कश्यप, दुर्जन कश्यप, बैद्यनाथ मौर्य, बद्रीनाथ जोशी, पूरन ठाकुर, नीलम कश्यप, जयंती नेताम,धरम गोयल, कार्तिक,लखेश्वर कश्यप, धनुर्जय कश्यप, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्तागण सरपंचगण समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# जिले में मनाया जा रहा वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




दंतेवाड़ा वनमंडल अंतर्गत डीएफओ डॉक्टर जाधव सागर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा वनो के महत्व के प्रति जागरूक करने अपने-अपने विचार रखें। इसी कड़ी में आज गीदम परिक्षेत्र के कासोली बालक आश्रम में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान बालक आश्रम कसोली में बच्चों, जन प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा 30 से अधिक पौधे रोपे गए।

साथ ही ग्रामीणों को एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत 100 से अधिक पौधे वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश कौशल भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, शैलेश अटामी सरपंच-कासोली, दिलीप नेताम सरपंच कासोली-2 जिला राम कोर्राम जनपद सदस्य, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर ने कहा कि वनों से होने वाले लाभ के प्रति जागरूकता ही वनों के बचाव का मुख्य कारण होगा।

श्रीमती भास्कर ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका देखभाल करने को कहा। उन्होंने कहा कि बस्तर के ग्रामीण वर्षों से वृक्षों को देव तुल्य मानते आए है। वृक्ष ही है जिन्होंने बस्तर को खुशहाल रखा है। अभी देखा जा रहा है कि खेत के लिए लगातार ग्रामीणों द्वारा वृक्ष काटे जा रहे हैं जो कि बिल्कुल ग़लत है।

श्रीमति भास्कर ने कहा अगर हम वृक्षों का अच्छे से देखभाल करें तो खेत से भी ज्यादा फायदा हम वृक्षों द्वारा मिलने वाले वनोपजो से कमा सकते हैं। इन वनोपजो का उपयोग हमारे पूर्वज आदिकाल से करते आए हैं। वहीं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी कहा कि वन महोत्सव भारत में एक महत्वपूर्ण उत्सव है जो पर्यावरण संरक्षण और वनों के महत्व को उजागर करता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है, बल्कि लोगों को प्रकृति के साथ जुड़ने और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन ने लाखापाल से चिंतलनार तक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षाकर्मियों और आम जनता के बीच फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। सीआरपीएफ के अधिकारियों और कर्मियों ने देशभक्ति की भावना और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। 74वीं बटालियन सीआरपीएफ के सीओ हिमांशु पांडे के निर्देशानुसार अभियान का समापन हुआ और उसे हरी झंडी दिखाई गई। युवा और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित यह पहल अनुशासित और सक्रिय जीवनशैली के हिस्से के रूप में खेल और फिटनेस के महत्व पर जोर देती है।

इस तरह के आयोजन सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं और स्वास्थ्य एवं कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने में सुरक्षा बलों की भूमिका को उजागर करते हैं।

### छात्रावास निगरानी समिति की हुई बैठक

**गीदम।** पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में पालक बालक एवं छात्रावास निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमे पालको को छात्रावास में बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति, अवकाश उपरांत छात्रावास में समय पर उपस्थिति, स्वास्थ्य, स्वच्छता, एवं छात्रावास नियमों से संबंधित जानकारी निगरानी समिति एवं अधीक्षक द्वारा आत्मीय संवाद करते हुए अनुशासन एवं पढ़ाई के महत्व के बारे मे जानकारी प्रदाय किया गया। एक पेड़ माँ के नाम आम, कटहल, मुनगा आदि पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के निगरानी समिति के सदस्य जेआर नेताम, अधीक्षक मोहेंद्र सिंह मंडावी, रविंद्र टीकम मण्डल संयोजक, सरपंच घासीराम कश्यप, समस्त पालक, छात्रनायक गणपति कश्यप, मेस मंत्री संजू मंडावी अन्य छात्रावासी बच्चे एवं समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# पाहुरबेल की मातृशक्ति ने उठाया गांव में सुशासन लाने का बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



■ सरपंच, उप सरपंच और महिला पंचों ने गांव के समग्र विकास और हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए बढ़ाए कदम

विष्णु का सुशासन लक्ष्मी स्वरूपा मातृशक्ति के दृढ़ संकल्प से बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायत पाहुरबेल में फलीभूत होने जा रहा है। यहां की सरपंच, उप सरपंच और महिला पंचों ने पाहुरबेल में असली सुशासन लाने का फैसला किया है। गांव के समग्र विकास और हर घर एवं हर व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का बीड़ा इन वीरांगनाओं ने उठाया है। पाहुरबेल में सरपंच और उप सरपंच दोनों महिला हैं। इसके अलावा ज्यादातर पंच भी महिलाएं हैं। सरपंच जितेंद्री बघेल, उप सरपंच ज्योति बघेल और महिला पंचों ने गांव के विकास और बुनियादी सुविधाओं को हर घर हर सदस्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठा ली है।

वे गांव की हर गली, हर घर में जाकर वहां के हालात का जायजा लेकर जरूरतों को अपने संज्ञान में ले रही हैं। इन मातृशक्ति ने संकल्प लिया है कि गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को हर हितग्राही तक पहुंचाना है। गांव में नारीशक्ति का दम नजर आने लगा है। बीते 28 जुलाई को सरपंच जितेंद्री बघेल, उप सरपंच ज्योति बघेल और महिला पंचों ने गांव के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तथा का निरीक्षण किया, वहां की कमियां देखी और पढ़ाई का स्तर, मध्यान्ह भोजनएवं पोषणआहार की गुणवत्ता परखी। सरपंच और उप सरपंच ने कक्षाओं में जाकर बच्चों को पढ़ाया भी। उन्होंने आगे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी जरूरतों को पंचायत के माध्यम से प्रयास कर शासन तक पहुंचाने और उनका निराकरण कराने का फैसला किया है।

गांव के आवास हीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके सपनों का आशियाना उपलब्ध कराने, जरूरतमंदों एवं पात्र लोगों को शासन की तमाम योजनाओं का लाभ दिलाने ठोस पहल शुरू कर दी गई है। इस पहल में पूरी पंचायत के लोगों को सहभागी बनाने पाहुरबेल में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में गांव के मुखिया, पंच, कोटवार पटेल, स्कूलों के गुरुजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा अन्य गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने नारे लगाए पंचायती राज जिंदाबाद, मातृशक्ति जिंदाबाद।

# संस्कार द स्मार्ट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संस्कार द स्मार्ट स्कूल में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दो पाली में किया गया। जिसमें पहली पाली में दूसरी, तीसरी के विद्यार्थियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, गुड टज बेड टच और मोबाइल फोन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वी. भाग्यलक्ष्मी एवं डॉ मनोज थॉमस (अध्यक्ष) रहे। दूसरी पाली के कार्यक्रम में छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल अपराध, साइबर अपराध, और मोबाइल फोन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी गीतिका साहू, इंस्पेक्टर डीसीआरबी, माधुरी नायक, रोटरी क्लब के राहुल जैन (अध्यक्ष), अर्चना जैन रोटरी क्लब की प्रथम महिला तथा विद्यालय की प्राचार्या ऐनी पॉल मेडम, व्यवस्थापक एलेक्स मैथ्यू सर तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा कराने की अंतिम मौका 31 तक

**दुर्गुकोंदल।** संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निरंजन नरेटी ने बताया है कि छग शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत विकास खंड दुर्गुकोंदल के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं कुटकी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। बीमा करने के लिए कृषक संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विकासखण्ड मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### आवेदनों का अफसर करें निराकरण : कलेक्टर

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 18 आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने सीमांकन कराने, मुआवजा तथा भवन दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, स्थानांतरण कराने, कब्जा हटाने, राशन कार्ड दिलाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

## निधन

### सावित्री बाई देवांगन



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन की माता सावित्री बाई देवांगन का 76 वर्ष की आयु में 28 जुलाई को रात्रि 8 बजे आकस्मिक मृत्यु हो गई, वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिनकी अंत्येष्टि 29 जुलाई को मंगलवार को सुबह 11 बजे चारामा नगर के मुक्तिधाम में हुई। जिसमें सर्व समाज जन, परिवारजन, भाजपा सहित विभिन्न राजनैतिक दलों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आयोजन**

संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता हुए सम्मिलित

# कांग्रेस ने शुरू से पिछड़ा वर्ग के साथ किया धोखा, पीएम मोदी ने दिलाया हक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी कांकेर द्वारा शहर के नए बस स्टेण्ड स्थित डोम मे संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों से पिछड़ा वर्ग के भाजपा कार्यकर्ता व आम जनता सम्मिलित हुए। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पिछड़ा वर्ग को सामाजिक भवन बनाने के लिए 50 लाख देने और गर्ल्स छात्रावास को 50 सीटर से 150 सीटर करने की घोषणा किया।

वित मंत्री ओपी चौधरी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी समर्पित होकर पिछड़ा वर्ग समाज के लिए कल्याणकारी काम कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग समाज को हमेशा नुकसान पहुंचाने का काम किया है। 1954-55 में काका कालेकर की रिर्पोट आई थी जिसमे पिछड़ा वर्ग के आरक्षण व हितो की बात कही गई थी। तब प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ध्यान नहीं दिया। 1977 में गैर कांग्रेस सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया लेकिन बाद में इंदिरा सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण को लेकर कुछ नहीं किया गया। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह व भाजपा की सरकार ने पिछड़ा वर्ग के हित में कमेटी का गठन किया। पिछड़ा वर्ग के साथ सबसे ज्यादा धोखा कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस की 54 वर्ष तक देश में सरकार रही लेकिन जाति जनगणना नहीं कराया। अब कांग्रेस पार्टी डुबती हुई नाव बन रही है तो जाति जनगणना की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति जनगणना की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवैधानिक दर्जा पिछड़ा वर्ग को दिया है। नीट, केंद्रीय विधालय, जवाहर नवोदय विधालय, सैनिक स्कूल सहित अन्य प्रमुख शिक्षण संस्थानो में 29 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी वर्ग को दिया। कैबिनेट में भी सबसे ज्यादा प्राथमिकता ओबसी वर्ग को दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी समाज का ध्यान रखने वाले नेता हैं। पिछड़ा वर्ग समाज के कारण ही भाजपा को चुनाव में एकतरफा समर्थन मिला है और भाजपा की सरकार बन पाई है। भूपेश बघेल की सरकार ने पिछड़ा वर्ग समाज को झुनझुना पकड़ाने का काम किया है। पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारियों की मांग पर ओपी चौधरी ने समाज के भवन के लिए 50 लाख देने



घोषणा की। यह भवन भानुप्रतापपुर में बनेगा। पिछड़ा वर्ग समाज बालिकाओं के लिए 150 सीटर पोस्ट मेट्रिक छात्रावास बनाने घोषणा की जो कांकेर में बनेगा।

- पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों की मेहनत का परिणाम, बारिश के बाद जुटी भीड़
- पिछड़ वर्ग के नेताओं को सुनने के लिए डोम में उमड़ा जनसैलाब

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रदेश में आधी आबादी पिछड़े वर्ग के विभिन्न जातियों की है। हमारी सरकार के 54 में से 21 विधायक पिछड़े वर्ग से आते है। हमने प्रदेश के पिछड़े वर्ग की चिंता करते पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया है, जो पिछड़े वर्ग की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक समस्याओं को समझ कर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को पेश करेगी और सरकार उस रिपोर्ट के आधार पर पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बनाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद पिछड़ी जाति से आते हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग की अगर कोई चिंता कर रहा है तो वो भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। पिछड़े वर्ग में क्रीमीलेयर की सीमा को 8 लाख रूपए तक बढ़ाया गया, जिससे देश के करोड़ों पिछड़ा वर्ग परिवार को आरक्षण का लाभ मिला।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा वर्ग को छलने का काम किया है। देश व प्रदेश के पिछड़े वर्ग की चिंता करने वाली केवल भाजपा की सरकार है। आज पिछड़े वर्ग को जो 27 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है वो केवल भारतीय जनता पार्टी के कारण संभव हो सका है। छग पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में लंबे समय तक रही परंतु इन्हें कभी पिछड़ा वर्ग के हितों की याद नही आई। आज सत्ता से बाहर रहने से इन्हें पिछड़ा वर्ग याद आ रहा है। उन्होंने बताया कि जवाहर लाल नेहरू सरकार के समय केलकर समिति का गठन देश के पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति की जानकारी के लिए बनाई गई थी परंतु केलकर समिति के सुझावों को कभी लागू ही नही किया गया, जिसके कारण पिछड़े वर्ग के लोगों को अपने अधिकारों के लिए कई वर्षो का लंबा इंतजार करना पड़ा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने व आभार प्रदर्शन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया।

#### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, विधायक विक्रम उसेण्डी, विधायक आशराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन, निर्देश दीवान, आलोक ठाकुर, होरीलाल सिन्हा, हेमराज सोनी, हरिश कटझरे सहित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेडो में इको क्लब और गणित क्लब द्वारा किया गया पौधारोपण




**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद,खंड शिक्षा अधिकारी एस पी कोसरे,प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में इको क्लब और गणित क्लब द्वारा पौधा रोपण किया गया। इको प्रभारी सुरेश नाग व्याख्याता रसायन और गणित क्लब की प्रभारी राजमाला देवनाथ ने इस अवसर अपने समूह के छात्र छात्राओं के साथ संस्था के प्रांगण में नीम, करेंजी, नारियल, नींबू व कटहल के एक पेड़ मां के नाम तहत पौधारोपण किया। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और सामाजिक सरोकार के अंतर्गत सभी को अपने आसपास पौधा रोपण कर उसे सुरक्षित कर पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक मेघनाथ कांगे, ऊषा तारम, व्याख्याता मेर सिंह कोमरा, नंदू राम दुग्गा, संत लाल माहला, गिरजा शंकर सिन्हा आदि उपस्थित रहे।




## सावन के तीसरे सोमवार को निकाली गई कावड़ यात्रा

**दुर्गुकोंदल।** प्रगति लेडीज ग्रुप द्वारा सावन के तीसरे सोमवार को कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम शिव मंदिर दुर्गुकोंदल में पंडित एमन मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक के पश्चात कावड़ यात्रा प्रारंभ कर शिव मंदिर कर्रामाड में जलाभिषेक एवं पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में पौधारोपण कर कांवड़ यात्रा का समापन किया गया। कावड़ यात्रा में शिव के वेशभूषा में उत्कर्ष वस्त्रकार, पार्वती के वेशभूषा में यशस्वी साहू एवं प्रगति ग्रुप अध्यक्ष नीलम साहू, उपाध्यक्ष सरिता यादव, संरक्षक जे गौतम, उत्तरा वस्त्रकार, ममता रावटे संगीता ठाकुर एवं रीता वस्त्रकार तथा ग्रामीण महिलाओं में मीना मलिक, उत्तरा वारे, अस्थला जैन, लीला सेन, अनीता कौशिक, लक्ष्मी साहू, चंद्रिका पटेल, सतारूपा सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## आंकलन शिविर: 13 अल्प दृष्टिबाधित बच्चों को चश्मा दिया गया



**कांकेर।** बीआरसी भवन कांकेर में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का मेगा आकलन शिविर हुआ, जिसमें शिविर में कुल 75 दिव्यांग बच्चे उपस्थित हुए। शिविर में 32 बच्चों का मेडिकल प्रमाण पत्र और 13 अल्प दृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा दिया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर सरिता कुमेटी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विजय उसेण्डी नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अनुप पदमवर, डॉक्टर अमित पाण्डेय अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर भूपेन्द्र सिंह मेडिसिन विशेषज्ञ, एसएन शुक्ला मेडिकल बोर्ड प्रभारी, केजू राम सिन्हा खंड शिक्षा अधिकारी, दीपक ठाकुर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी कांकेर, डीके भास्कर बीआरसी एवं ब्लाक के संकुल समन्वयक रोमेन जैन, शंभू शोरी, शरद श्रीवास्तव, नंद कुमार अटभैया, लक्ष्मीकांत साहू, विजय नाग, उत्तम पटेल, दिलीप साहू, कमलेश साहू, सरोज पांडेय, रेखा खंडुरी व अन्य उपस्थित रहें।

## कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



**चारामा।** सावन सोमवार के तीसरा हफ्ता में अन्नू अनीश कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट चारामा के समस्त छात्र-छात्राएं कांवड़ यात्रा के लिए चारामा के नैनी घाट से जल जल लेकर 14 किलोमीटर रास्ता तय कर कंकालिन मंदिर पहुंचे और शिवलिंग का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुराग सोनवानी, जगन्नाथ मौहान, चांदनी देवांगन एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## प्राथमिक शाला नुलेकी स्कूल फिर से हुआ संचालित

**अंतागढ़।** ग्राम पंचायत हिंदू बिनापाल के प्राथमिक शाला नुलेकी जो वर्ष 2014-15 से कम दर्ज संख्या होने के कारण बंद किया गया था। ग्रामवासियों और सरपंच के प्रयासो से सर्वे कार्य कराया गया। बच्चों की दर्ज संख्या वृद्धि होने पर ग्राम गायता एवं सरपंच ग्राम पंचायत हिंदू बिनापाल सनबती आंचला के कर कमलों से विधिवत शुभारंभ किया गया। बच्चों को दाखिल कर गणवेश, पुस्तक, पेंसिल, वितरण एवं तिलक वंदन से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय ठाकुर, संतराम सलाम, कृष्ण कुमाजार नाग, देव कुमार उइके, विनोद नेताम, विमल साहू, वीरेंद्र नाग सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।



## दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय कोदाभाट में प्रवेश प्रारंभ

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय, छात्रावास कोदाभाट कांकेर में कक्षा पहली से कक्षा 8वीं तक के दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों बालक का सीमित सीट के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक पालक अपने पुत्र, पाल्य को कार्यालयीन दिवस एवं समय में सरोना रोड ग्राम कोदाभाट में स्थित संस्था में उपस्थित होकर दाखिला करा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि संस्था, छात्रावास में शासन द्वारा अध्ययन, भोजन, आवास, वस्त्र इत्यादि निःशुल्क प्रदाय की जाती है। प्रवेश के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में 6 वीं से 12वीं तक मिलेगी निःशुल्क आवासीय शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर के निर्देशानुसार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो प्रथम संतानों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की गई है, जिसमें निःशुल्क आवासीय शिक्षा कक्षा 6वीं से 12 वीं तक प्रदाय किया जाएगा।

जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कक्षा 6 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं 5 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया कक्षा पांचवी में प्रतिशत (मेरिट बेस) के आधार पर किया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं को राज्य के निजी आवासीय विद्यालय जैसे जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर या राज्य के अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा और समस्त शैक्षणिक, आवासीय शुल्क मंडल द्वारा वहन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए न्यूनतम अर्हता एक वर्ष पुराना श्रमिक पंजीयन तथा आयु न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष या 1 अप्रैल 2012 के बीच होनी चाहिए। इस योजना से प्रथम दो संतान ही पात्र होंगे। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना हेतु स्कूल द्वारा जारी अध्ययनरत प्रमाण-पत्र, श्रमिक पंजीयन कार्ड, श्रमिक के पुत्र-पुत्री का आधार कार्ड, कक्षा 5 वीं की उत्तीर्ण अंकसूची, स्व-घोषणा पत्र योजना के संबंध में छात्र-छात्राओं का मूल निवास प्रमाण-पत्र तथा स्व-घोषणा पत्र आदि दस्तावेज अनिवार्य होगा।

## बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में किसानों को बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों में बीज एवं उर्वरक का भण्डारण किया जा रहा है। जिले के सहकारी समितियों में अब तक 10908 क्विंटल धान बीज का भण्डारण किया गया है। समितियों में कृषकों की मांग अनुरूप किस्म-आईआर 64, एमटीयू-1010, एमटीयू-1001, स्वर्णा, विक्रम टीसीआर, एमटीयू-1156, सोनागाठी, डीआरआर 42 किस्मों का भंडारण किया गया है, जिसमें से किसानों द्वारा अब तक 9673 क्विंटल बीज का उठाव किया जा चुका है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से 12, 724 मेट्रिक टन यूरिया 3524 मेट्रिक टन डीएपी, 8178 मेट्रिक टन, एसएसपी, 4509 मैट्रिक टन एमओपी, 4941 मेट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया गया है। इस प्रकार जिले के सहकारी समितियों में 33 हजार 876 मैट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण किया गया है तथा किसानों के द्वारा सहकारी समितियों से अब तक 29 हजार 5 मैट्रिक टन उर्वरक का उठाव किया जा चुका है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411